एक नजर

10 वीं और 12 वीं की मप्र बोर्ड परीक्षा समाप्त छात्र अब रंगपंचमी का ले सकेंगे आनंद

सरदारपुर । माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित कक्षा 10 वी और 12 वी बोर्ड की परीक्षाए शनिवार को समाप्त हो गई,शनिवार को कक्षा 12 वी के विद्यार्थियों ने अंतिम पर्चा शान्तिपूर्ण से हिन्दी का दिया। शासकीय सांदीपनि विद्यालय के परीक्षा केन्द्राध्यक्ष राजीव कुमार बघेल, सहयोगी शान्तिलाल वसूनिया ने बताया कि बोर्ड परीक्षा के अन्तर्गत कुल 259 परीक्षार्थियों में 3 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे, यानि 256 परीक्षार्थियों ने पर्चा हल किया। बताया कि बोर्ड परीक्षा कक्षा 12 वी की 10 फरवरी और कक्षा 10 वी 14 फरवरी से शुरू की गई थी। इधर परीक्षा हाल से खुशी-खुशी पर्चा हल करके निकले परीक्षार्थी कहते पाए गए कि अब खेलेंगे रंगपंचमी।

पोरवाड समाज की महिलाओं ने दी लोक नृत्यों की प्रस्तुति

कुक्षी। पोरवाड समाज महिला मंडल के तत्वावधान में होली पर्व के उपलक्ष्य में भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया। कार्यक्रम में महिलाओं नें प्रांतीय वनवासी और लोक नृत्य के साथ प्रदेश के प्रसिद्ध भगोरिया, रायबूदलिया नृत्य की मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुतियां देते हुए महिलाओं नें भारतीय संस्कृति की अनूठी छटा बिखेरी। आयोजन की सूत्रधार महिला मंडल प्रमुख साधना गुप्ता व प्रियंका रवि गुप्ता नें बताया की महिला मंडल द्वारा आयोजित लोक नृत्य से सजी शाम में राजस्थानी संस्कृति के रंग बिखेरते चंग, गैर, घुड़ला और बंजारा नृत्य सहित खानदेशी आदिवासी, असमिया झूमर बंदिनी, चकमा और कर्मा नृत्यों की प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। वही बॉलीवुड के होली गीतों और पारंपरिक फगवा गायन ने उत्सव के आनंद को दोगुना कर दिया।

गौरवशाली इतिहास का दर्शन-उपस्थित मातृशक्ति के लिए असमिया झूमर बैनंदिनी और राजस्थानी घुड़ला नृत्य एक नया और अविस्मरणीय अनुभव रहा। विशेष रूप से घुड़ला नृत्य के इतिहास और इसके महत्व को जानकर सभी को अपनी गौरवशाली संस्कृति पर गर्व की अनुभूति हुई। सिर पर दीपक और मिट्टी का कलश लेकर किया जाने वाला यह नृत्य राष्ट्र धर्म की विजय और अधर्म के पतन की गाथा को जीवंत करता है।वही समाज की वयोवृद्ध मातृशक्ति ने पारंपरिक फगवा गीत और निमाड़ी भाषा में होली के कवाड़े सुनाकर सभी का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती प्रीति मनीष मंडलोई एवं श्रीमती प्रियंका रवि गुप्ता नें किया।आभार माना महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती साधना अनिल गुप्ता ने।

अतिक्रमण हटाने पहुंची प्रशासनिक टीम पर पथराव

तहसीलदार की गाड़ी फोड़ी धामनोद टीआई सहित तीन पुलिसकर्मी घायल
सिरसोदिया में जमीन विवाद ने लिया उग्र रूप, ग्रामीणों का हंगामा, पुलिस बल तैनात

धामनोद। धार जिले के धामनोद थाना क्षेत्र के ग्राम सिरसोदिया में शनिवार को अतिक्रमण हटाने पहुंची प्रशासनिक और पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने अचानक पथराव कर दिया। देखते ही देखते हालात बेकाबू हो गए और गांव में अफरा-तफरी मच गई।

पथराव में धामनोद थाना प्रभारी प्रवीण ठाकरे, एक महिला पुलिसकर्मी सहित तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। वहीं तहसीलदार की सरकारी गाड़ी के कांच भी तोड़ दिए गए। घटना के बाद कुछ समय के लिए फोरलेन हाईवे पर भी यातायात प्रभावित रहा।

जानकारी के अनुसार प्रशासनिक टीम शनिवार सुबह करीब 10 बजे गांव में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने पहुंची थी। इसी दौरान ग्रामीणों ने विरोध करते हुए अचानक पत्थरबाजी शुरू कर दी। स्थिति बिगड़ते देख आसपास के थानों से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया। घटना की सूचना पर मनावर एसडीएम भी मौके पर पहुंचे और हालात काबू में करने की कोशिश की गई। फिलहाल गांव में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और पूरे क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है। सूत्रों के अनुसार ग्राम सिरसोदिया में जमीन विवाद काफी समय से चला आ रहा है। पहले भी इस विवाद को लेकर कई बार मारपीट और आरोप-प्रत्यारोप सामने आ चुके हैं। पथराव में घायल थाना प्रभारी को उपचार के लिए इंदौर रेफर किया गया है।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बालिकाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

विशिष्ट महिलाओं का सम्मान कर बालिकाओं को विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए किया प्रेरित

धार। मेरा युवा भारत, धार और युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार और खेल एवं युवा कल्याण विभाग के मार्गदर्शन में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय मनावर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम संयोजक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर डॉ. विशाल दामके द्वारा विद्यालय की बालिकाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही महिला सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव तथा नशा मुक्ति के संबंध में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं किशोरियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करते हुए उन्हें स्वास्थ्य, फिटनेस-आत्मरक्षा के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर खेल गतिविधियों, व्यायाम जागरूकता, सुरक्षित परिवहन एवं सुरक्षित पर्यटन से संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही प्रमुख हेल्पलाइन नंबर 181, 1098, 112, 1930 तथा आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया के बारे में भी बालिकाओं को अवगत कराया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला अतिथियों को आमंत्रित किया गया। इनमें रानी राठौर (पुलिस उपनिरीक्षक), ज्योति सोनी, डॉ. रचना दामके, श्वेता सोनी, कवयित्री दीपिका व्यास, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी पूजा रावत और विनीता भालके शामिल रहीं।

अतिथियों ने बालिकाओं को अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित अनुभव साझा करते हुए उन्हें डॉक्टर, पुलिस, कलाकार, खिलाड़ी एवं अधिकारी बनने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्राचार्य श्री सुनील पुरोहित के स्वागत भाषण से हुई। कार्यक्रम के अंत में डॉ. विशाल दामके द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन रजत जैन ने किया।

5वीं-8वीं की कॉपियां चेकिंग शुरू

बाग। विकासखंड बाग में कक्षा पांचवी आठवीं बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य परीक्षा मूल्यांकन केंद्र प्रभारी मनीष कुमरावत और सहायक जितेंद्र भिड़े के दिशा निर्देश में आज से मूल्यांकन केंद्र हाई स्कूल बाग में प्रारंभ हो गया।

जानकारी देते हुए जनपद शिक्षा केंद्र बाग के परीक्षा प्रभारी पृथ्वीराज चौहान ने बताया कि राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार इस बार मूल्यांकन प्रक्रिया को पूरी तरह बोर्ड पैटर्न पर संचालित किया जा रहा है ताकि परिणाम पारदर्शी और त्रुटि रहित तैयार हो सके। विकासखंड बाग में अन्य विकासखंड से आई कक्षा पांचवी की 12084 और आठवीं की 16062 कुल 28746 विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन कार्य किया जा रहा है। विकाश खंड शिक्षा अधिकारी डी एस बघेल ने कहा कि मूल्यांकन कार्य राज्य शिक्षा केंद्र के द्वारा दिए गए निर्देश अनुसार किया जाए मूल्यांकन कार्य में सावधानियां बरती जाए जिससे किसी भी प्रकार की त्रुटि या लापरवाही की संभावना समाप्त हो सके।

बीआरसीसी धर्मेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि मूल्यांकन कार्य के साथ ही प्राप्त अंकों को तत्काल ऑनलाइन परीक्षा पोर्टल पर दर्ज करने की व्यवस्था भी की गई है मूल्यांकन कर्ता शिक्षक को तब तक केंद्र छोड़ने की अनुमति नहीं दी जाती जब तक वह आवंटित उत्तर पुस्तिकाओं के प्राप्तांक पोर्टल पर दर्ज नहीं कर देता इससे परिणाम तैयार करने की प्रक्रिया भी तेज हो गई , मूल्यांकन कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के लिए केंद्र पर आवश्यक व्यवस्था की गई है। मूल्यांकन कार्य को व्यवस्थित रूप से करवाने के लिए किशोर भाभर परम सिंह चौहान बृजेश डोरिया नितेश मुकाती कमलेश चौहान नाहर सिंह डोरिया बापू सिंह चौहान प्रेम सिंह मंडलोई नर सिंह मेहडा के द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

राजगढ़ में 42 सीसीटीवी कैमरों से चौराहों पर नजर रखेगी पुलिस

सरदारपुर-राजगढ़ । नगर की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए नगर में जनसहयोग से लगाए गए सीसीटीवी कैमरों का शनिवार को विधिवत शुभारंभ किया गया। पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने पुलिस थाना राजगढ़ में बनाए गए कंट्रोल रूम का फीता काटकर इस व्यवस्था की शुरुआत की। साथ ही कंट्रोल का रूम का अवलोकन कर जानकारी ली।

इससे पहले पुलिस थाना राजगढ़ प्रांगण में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के गणमान्य नागरिकों, दानदाताओं, व्यापारी बंधुओं तथा जनप्रतिनिधियों ने बढ़ी संख्या में सहभागिता की। कार्यक्रम में मंचासीन पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारुल बेलापुरकर, एसडीओपी विश्वदीपसिंह परिहार और तहसीलदार मुकेश बामनिया उपस्थित रहे। इस अवसर पर सीसीटीवी कैमरे लगाने में सहयोग देने वाले सभी दानदाताओं, नागरिकों और संस्थाओं को पुलिस अधीक्षक द्वारा शील्ड और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। फिलहाल, नगर में 13 प्रमुख स्थानों पर 42 सीसीटीवी कैमरे चालू कर दिए गए हैं, जबकि तीन स्थानों पर कैमरे लगाना अभी शेष है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने कहा कि नगर में सीसीटीवी कैमरे लगाने का कार्य पुलिस और जनता के आपसी सहयोग का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि जब समाज पुलिस को मित्र मानकर सहयोग करता है तो कानून व्यवस्था को मजबूत करने में ब?ी मदद मिलती है। उन्होंने नगर के नागरिकों द्वारा दिखाई गई सक्रियता और जागरूकता की सराहना करते हुए इसे अनुकरणीय बताया।

उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता का जुड़ाव बहुत महत्वपूर्ण है और इसी सहयोग के माध्यम से आगे भी कई सकारात्मक कार्य किए जाएंगे। उन्होंने समाज में ब?ते नशे के दुष्प्रभावों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इस विषय पर सामूहिक रूप से मंथन करने और युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए जागरूकता ब?ाने की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने नागरिकों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें और सामाजिक चेतना के साथ पुलिस का सहयोग करें।

पुलिस अधीक्षक ने महिला सुरक्षा को लेकर भी जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा अभिमन्यु अभियान जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं और समाज को जागरूक किया जा रहा हैं। साथ ही साइबर अपराधों से बचाव के लिए भी लोगों को जागरूक रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

एक नजर

यूपीएससी की प्रतिष्ठित परीक्षा में ऑल इंडिया में प्राप्त की 8वीं रैंक

महेश मेमोरियल पब्लिक स्कूल बाग का स्वर्णिम क्षण, प्रक्षाल सेक्रेटरी ने रचा इतिहास

बाग (युनूस खान) कभी-कभी जीवन में ऐसे क्षण आते हैं जब शब्द भी भावनाओं के सामने छोटे पड़ जाते हैं। मध्यप्रदेश के छोटे से कस्बे बाग की पावन धरती पर आज ऐसा ही एक ऐतिहासिक क्षण साकार हुआ है। महेश मेमोरियल पब्लिक स्कूल, बाग के प्रतिभाशाली पूर्व छात्र प्रक्षाल सेक्रेटरी ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की प्रतिष्ठित परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 8 प्राप्त कर भारतीय प्रशासनिक सेवा में स्थान बनाकर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र और अपने विद्यालय का नाम गौरव से आलोकित कर दिया है।

यह उपलब्धि केवल एक परीक्षा में सफलता नहीं है,बल्कि वर्षों की तपस्या, अनुशासन,धैर्य और अटूट विश्वास की अद्भुत गाथा है। बाग की इस मिट्टी में पले-बढ़े प्रक्षाल ने बचपन से ही अपनी जिज्ञासु प्रवृत्ति,उत्कृष्ट बुद्धिमत्ता और अध्ययन के प्रति अद्भुत समर्पण से यह संकेत दे दिया था कि वे साधारण नहीं, बल्कि असाधारण बनने की क्षमता रखते हैं।

महेश मेमोरियल पब्लिक स्कूल में प्राप्त प्रारम्भिक शिक्षा(2005-06 से 2015-16)ने उनके व्यक्तित्व की मजबूत नींव रखी। यही वह आधार था जिसने उन्हें ऊँचाइयों तक उड़ान भरने का साहस दिया। आगे चलकर उन्होंने *JEE* जैसी कठिन परीक्षा उत्तीर्ण कर *IIT* कानपुर से अपनी शिक्षा पूर्ण की और फिर अदम्य संकल्प के साथ कष्ट की कठिन यात्रा प्रारम्भ की। पहले प्रयास में साक्षात्कार तक पहुंचना और तीसरे प्रयास में 8वीं रैंक प्राप्त करना उनके अदम्य साहस और अटूट आत्मविश्वास का साक्षात प्रमाण है।

आईआईटी कानपुर से अपनी शिक्षा पूर्ण की

इस गौरवपूर्ण सफलता के पीछे उनके माता-पिता दीप्ति सेक्रेटरी और निलेश सेक्रेटरी, बहन क्रिया सेक्रेटरी, दादी शकुंतला सेक्रेटरी तथा पूरे परिवार का स्नेह, संस्कार और प्रेरणा का अमूल्य योगदान है। इंदौर में अध्ययन के दौरान उनकी बुआ अस्मिता जैन का सहयोग भी उनके मार्ग को निरंतर प्रकाशमान करता रहा। इस गौरवपूर्ण अवसर पर डॉ. करुणेश रघुवंशी के मन में गर्व, भावुकता और कृतज्ञता की भावनाएँ एक साथ उमड़ पड़ी हैं। एक शिक्षक के लिए इससे बड़ा सुख क्या हो सकता है कि उसके विद्यालय की मिट्टी से निकला हुआ एक बालक देश की सर्वोच्च प्रशासनिक सेवा में स्थान प्राप्त करे। महेश मेमोरियल पब्लिक स्कूल परिवार तथा डॉ. करुणेश रघुवंशी और डॉ. सुनीता रघुवंशी की ओर से प्रक्षाल सेक्रेटरी एवं उनके सम्पूर्ण परिवार को हृदय की गहराइयों से अनंत शुभकामनाएँ।

सच ही कहा गया है— प्रतिभा कभी भी संसाधनों की मोहताज नहीं होती; एक सटीक शुरुआत और मजबूत आधार ही वह दीपक है जो समय आने पर पूरे समाज और राष्ट्र को प्रकाशमान कर देता है। आज बाग की धरती गर्व से मुस्कुरा रही है,और महेश मेमोरियल पब्लिक स्कूल की उपलब्धियों के आकाश में यह सफलता किसी कोहिनूर की तरह चमक रही है। साथ ही अनगिनत युवा आँखों में एक नया सपना जन्म ले चुका है कि छोटे कस्बों की धरती से भी इतिहास लिखा जा सकता है।